# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंधक निदेशक

## श्री जय प्रकाश द्विवेदी

## का संदेश

## 26 जनवरी, 2026

WESTERN COALFIELDS LIMITED

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नागपुर



# गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष, WCL के अंशधारक, Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जनवृंद और प्यारे बच्चों!

77वें गणतंत्र दिवस की आप सब को हार्दिक शुभकामनाएँ। आज का दिन हमें स्मरण कराता है - भारत के पराधीनता की बेड़ियों से निकलकर संविधान को अपनाते हुए एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनने का सफ़र। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के तौर पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। शिक्षा, कृषि, विज्ञान, कोयला, न्याय प्रणाली, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति उल्लेखनीय है।

गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर हम उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को दिल की गहराइयों से याद करते हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी और जिनकी बदौलत हमें एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था विरासत में मिली।

साथियों, पिछले 76 वर्षों में भारत ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और इस प्रगति को गति देने में हमारे कोयला उद्योग की अहम भूमिका रही है। हमने समय-समय पर देश की ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित कर अपने दायित्व का निर्वाह किया है।

हमने दिनांक 20.01.2026 तक 44.67 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। हमें उत्पादन की गति को बढ़ाना होगा। इसी दिनांक तक हमने कुल 47.44 मिलियन टन प्रेषण तथा 261.47 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबी निष्कासन किया है। इस वर्ष के दौरान दीर्घ काल तक चले बारिश की वजह से कोयला खनन, प्रेषण और ओबीआर प्रभावित रहा। लेकिन अब यहाँ से हमारे श्रम अधिक, गति तेज और संकल्प दृढ़ होना चाहिए। गत वित्तीय वर्ष में हमने अपने इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया। मुझे विश्वास है कि यश का यही सिलसिला इस वित्तीय वर्ष में भी जारी रहेगा।

इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुछ विशेष उपलब्धियाँ हासिल हुई है, जिन्हें आप सब से साझा करना चाहूँगा। माह सितंबर में कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए डब्ल्यूसीएल, उमरेड क्षेत्र की गोकुल ओपन कास्ट तथा मकार्धोकड़ा ओपन कास्ट खदान, पाथाखेड़ा क्षेत्र की छत्तरपुर-1 भूमिगत खदान एवं नागपुर क्षेत्र की सावनेर-1 भूमिगत खदान को 5 स्टार रेटिंग अचीवर्स पुरस्कार से नवाज़ा गया। यह पुरस्कार हमें विश्वास दिलाते है की हमारे कार्य उचित दिशा में हो रहे है।

सुरक्षा एवं उत्पादकता की वृद्धि के लिए समयानुसार तकनीकी उन्नयन आवश्यक हैं। ब्लास्ट फ्री खनन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वर्तमान में, WCL में 06 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। जल्द ही 2 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 24 कन्टिन्यूअस माइनर लगाए जाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कोयला प्रेषण की प्रक्रिया में गति लाने का हमारा प्रयास है। हर्ष का विषय है कि जून 2025 से उमरेड क्षेत्र के मकरधोकड़ा – III में FMC प्रोजेक्ट operationalise हो गया है। वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान तथा बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती खदान में भी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कार्य किया जा रहा है।

Critical Minerals/Rare Earth Minerals के क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ रहे है। WCL की 06 ओपनकास्ट खदानों में 500 Samples की Elemental Analysis की गई। इस विश्लेषण में Rhenium, Potash, Titanium एवं Tellurium प्रमुख रूप से पाए गए। आगे की कार्यवाही हेतु Adasa UG to OC तथा मकरधोकरा-III ओपनकास्ट माइंस के Samples NFTDC, हैदराबाद भेजे गए हैं।

कोयला खनन के लिए पर्यावरण एवं वन स्वीकृति आवश्यक है। इस दिशा में भी हमारा कार्य सकारात्मक रहा। वर्ष 2025-26 में हमें Amalgamated Yekona I & II खुली खदान के लिए 3.85 MTPA तथा Bhatadi OC के लिए 2 MTPA की पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हुई। इसी प्रकार वर्ष 2025 में हमने 366.67 हेक्टेयर वन भूमि के लिए सात Stage-I Forestry Clearance तथा 97.56 हेक्टेयर वन भूमि के लिए पांच Stage-II Forestry Clearance हासिल किए है। साथ ही, कोल इंडिया लिमिटेड में पहली बार, हमने दुर्गापुर ओसी की 80.77 हेक्टेयर वन भूमि के लिए, MoEF&CC से Wildlife Clearance प्राप्त किया है।

इस वित्तीय वर्ष में कुल 260 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। इस में 1 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी वृक्षारोपण, 161 हेक्टेयर भूमि पर मिश्रित वृक्षारोपण, 73 हेक्टेयर भूमि पर बांस रोपण तथा 25 हेक्टेयर degraded forest land पर वृहद वृक्षारोपण का समावेश है।

आप से साझा करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि गत वित्तीय वर्ष में PK 1, PK 2 और Satpuda 2 भूमिगत खदानों के बाद, इस वित्तीय वर्ष में तीन और भूमिगत खदानों – न्यू माजरी III, अदासा यूजी एवं गणपति भूमिगत खदान को प्रावधानों के पूर्ण अनुसरण के साथ बंद किया गया है। गर्व की बात है कि WCL, कोल इंडिया लिमिटेड की एक मात्र कंपनी है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है।

WCL ने वित्तीय वर्ष 2028–29 तक नेट ज़ीरो कंपनी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस दिशा में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए हैं। जामुनिया अंडरग्राउंड खदान में 15 मेगावाट क्षमता के ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। कान्हान क्षेत्र स्थित नंदन वॉशरी में 70 मेगावाट, चंद्रपुर क्षेत्र के दुर्गापुर चेक पोस्ट में 05 मेगावाट तथा माजरी क्षत्र में 23 मेगावाट सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू किया गया है।

माजरी क्षेत्र के जुना कुनाडा खदान में कोल गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट आरंभ करने की दिशा में प्रयास जारी है। इस उद्देश्य से कोल इंडिया लिमिटेड एवं BPCL के मध्य Coal Gasification संयंत्र की स्थापना हेतु Joint Venture company के गठन के लिए MoU किया गया है। अप्रैल 2026 तक Joint Venture company के गठन की अपेक्षा है।

कंपनी के future Sustainability के लिए आवश्यक है कि हम नई संभावनाएं तलाशे। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक WCL बोर्ड द्वारा 05 प्रोजेक्ट रिपोर्ट स्वीकृत किए गए है। इस में टाकली जेना खुली खदान, निलगांव खुली खदान, एकीकृत उकनी पिमपलगांव एक्सपांशन खुली खदान, सावनेर – III भूमिगत खदान एक्सपांशन एवं निलजई खुली खदान का एक्सपांशन, कुल 17.04 MTY क्षमता की परियोजनाओं का समावेश है।

हमारा प्रयास रहता है कि आवश्यकता की स्थिति में हमारे कर्मियों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। इस उद्देश्य से हमने अत्याधुनिक अस्पताल प्रबंधन प्रणाली SWASTH (Smart Wellness & Assistance System for Treatment & Health) की शुरुआत की है। यह प्रणाली, चिकित्सा सेवाओं को डिजिटल रूप से एकीकृत कर सुलभ एवं प्रभावी बनाती है। इसी प्रकार अब Dispensary Management System WCL की सभी डिस्पेंसरी में शुरू किया गया है। इस प्रणाली के बाद अब WCL में सभी प्रेस्क्रिप्शन ऑनलाइन दिए जायेंगे।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के सीएसआर Annual Action Plan के अंतर्गत 8 फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जा रहा है। इन में ग्रामीण विद्यार्थियों को JEE तथा NEET परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोजेक्ट 'तराश', आनुवंशिक रक्त विकारों की रोकथाम हेतु युवाओं की चिकित्सीय जांच के लिए प्रोजेक्ट 'सुश्रुत', ग्रामीण युवाओं के प्लेसमेंट उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रोजेक्ट 'प्रगति', वंचित बच्चों के हृदय शल्य चिकित्सा के लिए प्रोजेक्ट 'नन्हा सा दिल', गढ़चिरोली में गर्भवती माताओं तथा कुपोषित बच्चों के पोषण के लिए प्रोजेक्ट 'पोषित', सशस्त्र बलों में रोजगार हेतु ग्रामीण युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रोजेक्ट 'संदीप', महिला उद्यम क्लस्टर के विकास हेतु प्रोजेक्ट 'सौदामिनी' एवं सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की मासिक धर्म संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रोजेक्ट 'पंख' शामिल है। इन सीएसआर कार्यों के जरिए हम समाज के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयत्नशील है।

WCL में भविष्य के नेतृत्व को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास विभाग में "TEJAS – Transforming Emerging Juniors into Aspiring Stars" प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य 35 वर्ष से कम आयु के अधिकारियों में क्षमता निर्माण, प्रतिभा संवर्धन तथा उच्च प्रबंधन पदों हेतु नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम के प्रथम मॉड्यूल में कुल 615 अधिकारियों ने भाग लिया।

इस वित्तीय वर्ष में सिक्यूरिटी विभाग ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। वर्ष भर में कुल 529 सुरक्षा कर्मियों को बुनियादी एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहली बार सुरक्षा सेमिनार 'Trustवर्दी' WCL में आयोजित किया गया। इसी प्रकार, कोल इंडिया लिमिटेड में पहला हथियार प्रशिक्षण केंद्र 'SHASTrA' का लोकार्पण माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा किया गया।

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों एवं आस-पास के बेरोजगार युवाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास का हमारा प्रयास रहता है। इस वित्तीय वर्ष में कौशल विकास के उद्देश्य से ATDC, SDC Indora, STI Chhindwara एवं CIPET में युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

WCL द्वारा ऐसी कई पहल की गई है। कई सकारात्मक कार्य हुए हैं, जिसका समावेश एक संवाद में कर पाना संभव नहीं। मुझे विश्वास है कि इन सभी कार्यों का प्रभाव लक्ष्य प्राप्ति में निश्चित तौर पर दिखेगा।

मैं, सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण, CVO और अन्य अंशधारक, जो WCL को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ और आह्वान करता हूँ कि आप हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण तथा ओबी निष्कासन के लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त करेंगे।

जय हिन्द !

आपका,

(जे. पी. द्विवेदी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक